### संपादकीय

# इस्तीफे का फैसला अप्रत्याशित

केजरीवाल का इस्तीफे का फैसला अप्रत्याशित है। वे एक तीर से कई निशाने साध रहे हैं। भ्रष्टाचार पर जवाब दे रहे हैं और सहानुभूति बटोर रहे हैं।

राजनीति में मतदाताओं और अपने प्रतिद्वंद्वियों को चौंकाने का या अप्रत्याशित निर्णय करने का अपना महत्व होता है। अरविंद केजरीवाल इसे बहुत अच्छी तरह से समझते हैं। तभी वे अक्सर अपने फैसलों से चौंकाते रहते हैं। याद करें कितनी मेहनत करके उन्होंने दिसंबर 2013 में कांग्रेस से तालमेल किया था। जिसके खिलाफ लड़े थे उसी के आठ विधायकों की मदद लेकर सरकार बनाई और लगा कि सब कुछ ठीक चल रहा है तो उन्होंने महज 49 दिन के बाद ही इस्तीफा दे दिया।

वह इस्तीफा अप्रत्याशित था और उसके बाद फरवरी 2015 में हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी को जो बहुमत मिला वह भी अप्रत्याशित था। इसी तरह से केजरीवाल के इस बार के इस्तीफे का फैसला भी अप्रत्याशित है। आमतौर पर माना जा रहा था कि वे गिरफ्तार होंगे या जेल जाएंगे तो इस्तीफा देंगे। लेकिन तब उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया और अभी जब किसी ने इसकी उम्मीद नहीं की थी तो उन्होंने इस्तीफे का ऐलान कर दिया।

उनका इस्तीफा कई स्थितियों का मिलाजुला प्रतिफल है। इसके पीछे पांच महीने बाद होने वाले चुनाव की रणनीति तो है लेकिन कुछ और स्थितियां भी हैं। जैसे केजरीवाल की पार्टी चाहे जो भी दावे करे लेकिन उनको पता था कि सुप्रीम कोर्ट ने जमानत की जो शर्तें लगाई हैं, उससे उनके हाथ बंधे हैं। वे कोई बड़ा नीतिगत फैसला नहीं कर पाएंगे। अगर सरकार लोक लुभावन  फैसले करती है तो उप राज्यपाल द्वारा रोके जाने का अलग खतरा है। ऐसे में अगर वे खुद मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे रहते हैं तो चुनाव में जनता को जवाब देना भारी पड़ेगा।

दूसरे, उनको यह अंदाजा हो गया था कि गिरफ्तारी से ज्यादा सहानुभूति नहीं पैदा हुई है इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ कर सहानुभूति हासिल करने का प्रयास किया है। उनको पता है कि विधानसभा का कार्यकाल पांच महीने से भी कम बचा है। इसलिए नाखून कटा कर शहीद होने में कोई समस्या नहीं है। वे साढ़े नौ साल से ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री रह चुके हैं।

एक कारण यह भी है कि वे भ्रष्टाचार के मसले पर भारतीय जनता पार्टी को जवाब देना और दिल्ली के मतदाताओं को मैसेज देना चाहते थे। दिल्ली शराब नीति केस में नाम आने और गिरफ्तारी के बाद से ही भाजपा के नेता अरविंद केजरीवाल से मुख्यमंत्री पद छोड़ने की मांग कर रहे हैं। जेल से निकलने के बाद भी इस्तीफे की मांग थमी नहीं है। केजरीवाल ने अब इस्तीफे का ऐलान कर दिया है। सो, अब वे भाजपा नेताओं के हर हमले का जवाब सकेंगे कि उन्होंने तो इस्तीफा दे दिया।

# भारत में बनेगा क्वांटम और 6जी टेक्नोलॉजी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**नई दिल्ली**




भारत की 6जी और क्वांटम टेक्नोलॉजी में स्थिति मजबूत करने के लिए टेलीकॉम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (टीसीओई) इंडिया और कर्नाटक की विश्वेश्वरैया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (वीटीयू) की ओर से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) स्थापित करने के लिए करार किया गया है।

संचार मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, वीटीयू विश्वेश्वरैया रिसर्च और इनोवेशन फाउंडेशन (वीआरआईएफ) बेंगलुरु का उद्देश्य भारत की प्रगति को इन सेक्टरों में बढ़ाना है।

सीओई को हब एंड स्पोक मॉडल आधार पर डिजाइन किया जाएगा। टीसीओई इंडिया एक सेंट्रल हब के रूप में काम करेगा।

सरकार के मुताबिक, वीटीयू से जुड़े 228 कॉलेज के बौद्धिक और ढांचागत क्षमता का फायदे उठाते हुए सीओई रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए एक मुख्य सुविधा के तौर पर कार्य करेगी।

सीओई के जरिए क्वांटम और 5जी एवं 6जी टेक्नोलॉजी में कटिंग एज रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही साझेदारी और इनोवेशन को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

सीओई में टेलीकॉम स्टैंडर्डाइजेशन को लेकर काम कर रही मुख्य संस्थाएं जैसे टेलीकॉम इंजीनियरिंग सेंटर (टीईसी), भारत 6जी एलायंस, टीसीडीएसआई, एकेडमिक नेटवर्क और स्टार्टअप इकोसिस्टम में साझेदारी को बढ़ाया जाएगा।

इससे 4 लाख से ज्यादा छात्रों और 2,000 से ज्यादा पीएचडी और वीटीयू नेटवर्क में रिसर्च कर रहे रिसचर्स को मदद मिलेगी। साथ ही इनोवेशन के कमर्शियलाइजेशन में मदद मिलेगी।

राष्ट्रीय क्वांटम मिशन में मिशन गवर्निंग बोर्ड के चेयरमैन अजय चौधरी ने कहा कि देश में 600 वैज्ञानिक और 50 स्टार्टअप क्वांटम टेक्नोलॉजी में काम कर रहे हैं।

भारत की ओर से अप्रैल 2023 में राष्ट्रीय क्वांटम मिशन लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य क्वांटम से जुड़े विज्ञान और टेक्नोलॉजी में क्षमताएं विकसित करना है।

# इजरायल-लेबनान तनाव के बीच मीडिल इस्ट जाने वाली सभी उड़ानें कैंसिल, कई एयरलाइनों ने लिया फैसला




**नई दिल्ली**

इजरायल-लेबनान के बीच बढ़ रहे तनाव के मद्देनजर कई एयरलाइनों ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मिडिल ईस्ट में अपनी उड़ानें निलंबित कर दी हैं। ऐसे में मिडिल ईस्ट की यात्रा की योजना बना रहे यात्रियों को अपनी प्लानिंग में बदलाव करना पड़ सकता है।

एयर इंडिया, एयर फ्रांस-केएलएम, लुफ्थांसा, कैथे पैसिफिक और डेल्टा एयरलाइंस सहित कई कंपनियों ने सुरक्षा कारणों से तेल अवीव, बेरूत और अन्य गंतव्यों के लिए सेवाएं रोक दी हैं।

जानकारी के अनुसार भारतीय एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने तेल अवीव के लिए सभी उड़ानें अगली सूचना तक रद्द कर दी हैं। अल्जीरियन एयरलाइन एयर अल्जेरी ने लेबनान के लिए अपनी उड़ानें अगली सूचना तक रद्द कर दी हैं। एयर फ्रांस-केएलएम ने 19 सितंबर तक बेरूत और तेल अवीव के लिए सेवाएं रद्द की थीं, जोकि अभी भी बंद है। इसके अलावा केएलएम ने तेल अवीव के लिए 26 अक्टूबर तक की सभी उड़ानें और बेरूत व अन्य गंतव्यों के लिए 31 मार्च 2025 तक की सेवाएं निलंबित कर दी हैं। कैथे पैसिफिक ने मार्च 2025 तक तेल अवीव के लिए उड़ानें निलंबित कर दी हैं। डेल्टा एयरलाइंस ने 31 दिसंबर 2024 तक न्यूयॉर्क और तेल अवीव के बीच की उड़ानें स्थगित कर दी हैं।

# राजस्थान रॉयल्स ने विक्रम राठौर को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स ने भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर को टीम का नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। इस कदम से राठौर, जो भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और चयनकर्ता हैं, फ्रेंचाइजी में राहुल द्रविड़ के साथ फिर से जुड़ गए हैं, इससे पहले जून में पुरुषों के टी20 विश्व कप में जीत के साथ राष्ट्रीय टीम में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था।

राठौर ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा, रॉयल्स परिवार का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है। राहुल के साथ फिर से काम करने का अवसर, और अब युवा क्रिकेटरों के एक प्रतिभाशाली समूह के साथ, बेहद रोमांचक है।

मैं टीम के विजन में योगदान देने और रॉयल्स और भारत के लिए शीर्ष श्रेणी के खिलाड़ियों को विकसित करने के हमारे लक्ष्य की दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हूं, जो चैंपियनशिप जीतने में मदद कर सकते हैं।

### पीएफ खाताधारकों के लिए बड़ी खबर

# पर्सनल जरूरतों के लिए निकाली जाने वाली राशि की लिमिट में हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली**



पीएफ खाताधारकों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। सरकार ने पर्सनल जरूरतों के लिए निकाली जाने वाली राशि की लिमिट में बढ़ोतरी कर दी है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के ग्राहक अब पर्सनल जरूरतों के लिए अपने खातों से एक बार में 1 लाख रुपए तक निकाल सकते हैं, जो कि ?50,000 की पिछली सीमा से अधिक है।

श्रम मंत्रालय ने ईपीएफओ के संचालन में कई बदलाव लागू किए हैं, जिसमें लचीलापन और जवाबदेही बढ़ाने, ग्राहकों के लिए असुविधाओं को कम करने के लिए एक नया डिजिटल ढांचा और अद्यतन दिशानिर्देश शामिल हैं, इसके अतिरिक्त, नए कर्मचारी जिन्होंने अपनी वर्तमान नौकरी में अभी छह महीने पूरे नहीं किए हैं, वे अब धन निकालने के पात्र हैं, जो कि पिछली सीमा से अलग है।

**सरकार ने क्या कहा?**

मंडाविया ने कहा कि लोग अक्सर शादी और चिकित्सा उपचार आदि जैसे खर्चों को पूरा करने के लिए अपनी ईपीएफओ बचत का सहारा लेते हैं। हमने निकासी की सीमा को एक बार में 1 लाख रुपए तक बढ़ा दिया है। नई निकासी सीमा इसलिए बढ़ाई गई क्योंकि खर्च में बदलाव के कारण पिछली सीमा पुरानी हो गई थी, और लोगों की जरुरत के हिसाब से 50 हजार की रकम कम पड़ रही थी। प्रोविडेंट फंड संगठित क्षेत्र में 10 मिलियन से अधिक कर्मचारियों को रिटायरमेंट आय प्रदान करते हैं और अक्सर कई श्रमिकों के लिए जीवन भर की बचत का प्राथमिक स्रोत होते हैं। ईपीएफओ की बचत ब्याज दर, जो वित्त वर्ष 24 के लिए 8.25% निर्धारित की गई है, वेतनभोगी मध्यम वर्ग द्वारा बारीकी से निगरानी की जाने वाली एक प्रमुख बेंचमार्क है।

# पहली पारी में टीम इंडिया 376 रनों पर ऑलआउट, अश्विन और जडेजा ने लूटी महफिल

**चेन्नई**



चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश के साथ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में अच्छा इंटेंट दिखाया. टीम इंडिया पहली पारी में 376 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई है. इस मैच में भारत को अच्छी शुरुआत नहीं मिली थी, लेकिन फिर रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के बीच हुई शतकीय साझेदारी ने भारत की वापसी कराई. नतीजन, टीम इंडिया पहली पारी में 376 के स्कोर तक पहुंची.

बांग्लादेश के साथ खेले जा रहे मुकाबले में टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन ने कमाल की बल्लेबाजी की. उन्होंने पहले तो शतक पूरा किया और फिर 113(133) रन की शानदार पारी खेलकर पवेलियन लौटे. अश्विन ने अपनी पारी में 11 चौके और 2 छक्के भी लगाए. अश्विन ने अपनी इस सेंचुरी की बदौलत टीम इंडिया को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला और एक बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई.

चेन्नई टेस्ट की शुरुआत टीम इंडिया के लिए अच्छी नहीं रही थी. भारत ने महज 34 रन के स्कोर पर ही अपने शुरुआती 3 विकेट गंवा दिए थे. मगर, फिर टीम ने वापसी की और 376 के स्कोर तक का सफर किया. रोहित शर्मा 6, शुभमन गिल 0 और विराट कोहली भी 6 रन पर आउट हुए.

वहीं, ऋषभ पंत 39, यशस्वी जायसवाल 56, केएल राहुल 16 रन पर आउट हुए. रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के बीच 199 रनों की साझेदारी हुई. गेम के दूसरे दिन जड्डू 86 के स्कोर पर विकेट गंवा बैठे और शतक से चूक गए. जबकि रविचंद्रन अश्विन 113 रन पर पवेलियन लौटे. आकाश दीप 17 और जसप्रीत बुमराह 7 पर आउट हुए और इस तरह भारतीय टीम 376 के स्कोर पर ऑलआउट हुई.

बांग्लादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद ने टीम इंडिया को काफी परेशान किया. शुरुआत में ही उन्होंने रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली को आउट किया. बांग्लादेश के इस युवा गेंदबाज ने 5 विकेट हॉल लिया. तस्किन अहमद ने 3, नहिद राना ने 1 और मेहदी हसन मिर्जे ने 1 विकेट अपने खाते में दर्ज किए.

# मार्नस लाबुशेन ने वनडे क्रिकेट में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, 53 साल में हुआ पहली बार

**नईदिल्ली**



इंग्लैंड के साथ खेले गए पहले वनडे मैच को ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट से जीत लिया है. इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई स्टार क्रिकेटर मार्नस लाबुशेन ने कुछ ऐसा कर दिखाया है, जिसकी चर्चा चारों तरफ हो रही है. मार्नस ने इंग्लैंड के खिलाफ ऐसा मैच विनिंग प्रदर्शन किया है, जो आज तक वनडे क्रिकेट के 53 सालों के इतिहास में पहली बार हुआ है. आइए आपको मार्नस के उस महारिकॉर्ड के बारे में बताते हैं. ऑस्ट्रेलिया के तूफानी बल्लेबाज, शानदार गेंदबाज और लाजवाब फील्डर मार्नस लाबुशेन ने गुरुवार को इंग्लैंड के साथ खेले गए पहले वनडे मैच में ऐसा कारनामा किया, जो आज तक कभी नहीं हुआ. वह एक वनडे मैच में अर्धशतक जडऩे के साथ-साथ तीन विकेट और चार कैच लेने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं. जी हां, उनसे पहले वनडे क्रिकेट के 53 साल के इतिहास में ऐसा कोई नहीं कर पाया है.

इस मुकाबले में मार्नस ने 61 गेंदों पर 77 रनों की कमाल की पारी खेली, जिसमें उन्होंने 7 चौके और 2 छक्के भी लगाए. वहीं, गेंदबाजी करते हुए उन्होंने बेन डकेट, इंग्लिश कप्तान हैरी ब्रूक का विकेट लिया. इतना ही नहीं उन्होंने 3 लाजवाब कैच भी लपके. ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला ट्रेंट ब्रिज में खेला गया. इस मैच में हैरी ब्रूक की कप्तानी वाली इंग्लिश टीम ने 316 रनों का लक्ष्य खड़ा किया, जिसमें बेन डकेट ने 95, विल जैक्स 62 रनों की अहम पारी खेली. लेकिन, जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तूफानी शुरुआत की. कप्तान मिचेल मार्श सस्ते में आउट हुए, लेकिन ट्रैविस हेड नाम के तूफान ने इंग्लैंड के गेंदबाजों को आड़े हाथ लिए. हेड ने 129 गेंदों पर 154 रनों की कमाल की शतकीय पारी खेली. इस पारी में 20 चौके और 5 छक्के शामिल रहे. हेड की 154 रनों की पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बड़ी ही आसानी से सिर्फ 3 विकेट के नुकसान पर 44 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया.

# कार्थी, अरविंद स्वामी स्टारर मियाझागन का टीजर रिलीज




कार्थी और अरविंद स्वामी अभिनीत आगामी तमिल फिल्म मेयाझागन का टीज़र जारी किया गया। प्रेम कुमार द्वारा निर्देशित यह फिल्म 27 सितंबर को सिनेमाघरों में आने वाली है। टीज़र में दो मुख्य किरदारों, चचेरे भाई-बहनों के बीच जटिल संबंधों को दिखाया गया है, जो अपने व्यक्तित्व के मामले में एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत हैं। कार्थी का किरदार जहां खुशमिजाज है, वहीं अरविंद स्वामी का किरदार शांत और चिंतित है, जिसमें तनाव की झलक भी है।

मेयाझागन, प्रेम कुमार की दूसरी निर्देशित फिल्म है, जो समीक्षकों द्वारा प्रशंसित 96 के बाद आई है, जिसमें विजय सेतुपति और त्रिशा ने अभिनय किया है। फिल्म में श्री दिव्या, करुणाकरण, राजकिरण, जयप्रकाश और स्वाति कोंडे जैसे प्रभावशाली कलाकार हैं। तकनीकी दल में छायाकार महेंद्रन जयराजू, संगीतकार गोविंद वसंता और संपादक गोविंदराज शामिल हैं।

फिल्म का निर्माण कार्थी के भाई सूर्या और उनकी भाभी ज्योतिका ने अपने बैनर 2डी एंटरटेनमेंट के तहत किया है। तमिलनाडु के कराइकुडी, कुंभकोणम और अन्य स्थानों पर मेयाझगन की शूटिंग पूरी हो चुकी है। उल्लेखनीय रूप से, फिल्म को सिंक साउंड विधि का उपयोग करके शूट किया गया था, जिससे यह कात्रू वेलियिदाई के बाद इस प्रारूप में कार्थी की दूसरी फिल्म बन गई। मेयाझगन को एक पारिवारिक मनोरंजक फिल्म माना जा रहा है, लेकिन इसकी कहानी अभी तक सामने नहीं आई है।

# देवरा का नया पोस्टर जारी; पहली बार दिखी जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान और जाह्नवी की तिकड़ी




अभिनेता जूनियर एनटीआर को पिछली बार फिल्म आरआरआर (2022) में देखा गया था, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई।अब प्रशंसक उनकी आगामी फिल्म देवरा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके जरिए जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखने वाली हैं। दिग्गज अभिनेता सैफ अली खान भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।अब देवरा का पहला पोस्टर सामने आ गया है।

देवरा के नए पोस्टर में पहली बार एनटीआर, सैफ और जाह्नवी की तिकड़ी देखने को मिल रही है। इसमें एनटीआर की जोड़ी जाह्नवी के साथ बनी है, वहीं फिल्म में सैफ और एनटीआर का सामना देखने को मिलने वाला है।यह फिल्म 27 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

# आज का राशिफल

***मेष-*** आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आप दफ्तर से जल्दी निकलने की कोशिश करेंगे और वह काम करेंगे, जो आपको पसंद है। बीते दिनों में जितना धन इन्वेस्टमेंट किया था, उसका फायदा आपको आज मिल सकता है।

***वृष-*** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपको कार्यों में परिवार का सहयोग मिलेगा। साथ ही आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे।

***मिथुन-*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे।

***कर्क-*** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

***सिंह-*** आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जाने की योजना बनाएंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे।

***कन्या-*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है।आज शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आज आपमे चुस्ती फुर्ती रहेगी, आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा।

***तुला-*** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। मित्रों की सहायता से आपको नए-नए कांटेक्ट मिलेंगे। आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

***वृश्चिक-*** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी पार्टी में सम्मिलित होंगे, जहां अन्य लोगों से मेल-मिलाप होगा। किसी खास व्यक्ति से हुई मुलाकात से आपका रुका हुआ काम पूरा हो जायेगा।

***धनु-*** आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है। आपका मित्र आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे।

***मकर-*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रतिदिन की दिनचर्या में सैर को शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। कोई मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे।

***कुंभ-*** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

***मीन-*** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। आपको काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

# द बकिंघम मर्डर्स का संघर्ष जारी, 7 दिन में 8 करोड़ रुपए भी नहीं कमा सकी



हंसल मेहता की लेटेस्ट डायरेक्शनल 'द बकिंघम मर्डर्स' साल की मोस्ट अवेटेड फिल्म थी. हालांकि फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद दर्शकों से ठंडा रिस्पॉन्स मिला. इसी के साथ ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेहद निराशाजनकर परफॉर्म कर रही है. यहां तक की करीना कपूर की स्टार पावर भी दर्शकं को सिनेमाघरों तक नहीं खींच पा रही है. चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के छठे दिन यानी पहले बुधवार को कितनी कमाई की है?

'द बकिंघम मर्डर्स' में करीना कपूर की दमदार एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है लेकिन कमाई के मामले में ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फिसड्डी साबित हो गई है. फिल्म रिलीज के पहले दिन से सिनेमाघरों में दर्शकों के लिए तरसती नजर आ रही है हालांकि वीकेंड पर इसने थोड़ी स्पीड भी बढ़ाई लेकिन वीकडेज में तो ये बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह धड़ाम हो चुकी है. अब तो आलम ये है कि इसके लिए चंद लाख कमाना भी मुश्किल हो रहा है.

'द बकिंघम मर्डर्स' की कमाई की बात करें तो इसने महज 1.15 करोड़ से ओपनिंग की थी. दूसरे दिन फिल्म ने 1.95 करोड़, तीसरे दिन 2.15 करोड़, चौथे दिन 80 लाख और पांचवें दिन 75 लाख की कमाई की. वहीं अब फिल्म की रिलीज के छठे दिन यानी पहले बुधवारक की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'द बकिंघम मर्डर्स' ने रिलीज के छठे दिन यानी बुधवार को 50 लाख का कलेक्शन किया है.इसी के साथ 'द बकिंघम मर्डर्स' की 6 दिनों की कुल कमाई अब 7.30 करोड़ हो गया है.

'द बकिंघम मर्डर्स' की रिलीज के छ दिनों में ही हालत खराब हो गई है. ये फिल्म पाई-पाई कमाने के लिए तरस रही है. फिल्म की कमाई की रफ्तार इतनी धीमी है कि इसका जल्द ही बॉक्स ऑफिस से पत्ता साफ होता नजर आ रहा है. इसी के साथ करीना कपूर की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो चुकी है.

# शब्द सामर्थ्य- 184

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 183 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# सू-दोकू- 184

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.183 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |